हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 कोर्ट में बार-बेंच कॉरिडोर का उद्घाटन



12 हनुमान मंदिर में चार दिवसीय होली मिलन महोत्सव...



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की खिड़की पर खड़ा यात्री नीचे गिरा, मौत

**गन्नौर।** भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करनाल जिले के असंध क्षेत्र के गांव चोरकरसा निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेश कुमार अपने दोस्तों के साथ काम के सिलसिले में गुजरात गया हुआ था। वह बांद्रा-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन से अपने साथियों के साथ वापस लौट रहा था। यात्रा के दौरान वह ट्रेन की खिड़की के पास खड़ा हो गया। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उसके साथ यात्रा कर रहे दोस्तों ने ट्रेन की चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई और मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी।

### युवक पर फायरिंग का आरोपी पानीपत से पकड़ा

**गोहाना।** सदर थाना की पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना मे संलिप्त आरोपित पानीपत में शिव कालोनी के सुनील को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गांव बीधल के जोनी ने 26 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपने घर की छत पर था। उसी समय रजवाहे की तरफ से दो बाइकों पर चार-पांच युवक आए। उन युवकों ने उसके घर पर फायर किए। उस समय गली में उसकी मांग खड़ी थी, जिन पर भी फायर किया गया। उसकी मां ने भागकर जान बचाई। हमला करने में गांव दोदवा का सुनील, सन्नी, कपिल, गांव माजरा का विकास, गांव नैना ततारपुर का मोनू, तिहाड़ मलिक का चिंटू व दो अन्य युवक थे। जांच अधिकारी रतन सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपित सुनील को गिरफ्तार किया। आरोपित पर पहले विभिन्न जिलों के थानों में 33 केस दर्ज हैं।

### परचून की दुकान से सामान चुराने वाला काबू

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने दुकान से सामान चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आशीष निवासी गांव जठेड़ी जिला सोनीपत के रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 4 मार्च को गुलशन पुत्र रणसिंह निवासी गांव जठेड़ी जिला सोनीपत ने थाना राई में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि उसने गांव जठेड़ी नजदीक सरकारी पशु अस्पताल के सामने गली में परचून की दुकान कर रखी है। 3 मार्च को उसने सुबह तकरीबन साढ़े सात बजे पर दुकान में देखा कि दुकान की खिड़की से अन्दर घुसकर चावल के 30 किलो के 4 कट्टे सतिमा गोल्ड, 1 फ्रुटी, 1 कैम्पा, 7 कबूत्तर तेल और 2 बड़े सिलेंडर किसी नाम पता ना मालूम व्यक्ति ने चोरी कर लिए है।

# कहीं रंग डालने पर तो कहीं रंजिश में विवाद, होली पर 60 से ज्यादा घायल

■ नागरिक अस्पताल के आपातकालीन विभाग में उपचार के लिए दोपहर से लेकर रात तक आते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ पुलिस ने किसी मामले में केस दर्ज नहीं किया

■ घटनाक्रम की जांच कर रहे

दुल्हेंडी पर्व पर बुधवार को पुलिस प्रशासन की सख्ताई के बावजूद विभिन्न जगह हुड़दंगियों के जमकर उत्पात मचाने का मामला सामने आया। रंगोत्सव के उल्लास के बीच शहर व ग्रामीण अंचल में कई जगह लोग आपस में भिड़ गए। ऐसे में मस्ती के माहौल के बीच जिले में कई जगहों पर झगड़े होने की घटनाएं सामने आईं। अलग-अलग जगहों पर हुए इन झगड़ों में करीब 60 से ज्यादा लोगों के घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी देकर वापस भेज दिया।



सोनीपत। इलाज के बाद बाहर आते लोग।

शहरभर के अलावा ग्रामीण अंचल में जहां दुल्हेंडी पर्व पर लोगों में उल्लास नजर आया, वहीं कई जगह हुड़दंगियों के जमकर उत्पात मचाने के बाद बुधवार दोपहर से देर रात तक अस्पताल में घायलों का उपचार के लिए आना-जाना लगा रहा। पुलिस की ओर से फिलहाल किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, लेकिन पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। कई जगहों पर रंग डालने को लेकर विवाद हुआ, जबकि कुछ स्थानों पर आपसी रंजिश के चलते मारपीट की घटनाएं हुईं। इन झगड़ों में महिलाएं व युवक भी घायल हुए। घायल लोगों में धानकान बस्ती निवासी संजय, कबीरपुर निवासी अंकित, नकलोई निवासी विक्रम, दहिसरा निवासी उज्जवल, रेलवे रोड निवासी रमेश, कालूपुर निवासी रेनू, वेस्ट रामनगर निवासी सुमित, आर्य नगर निवासी अनिल, राजेश, संतरा, सैनीपुरा निवासी मीत शामिल हैं। इनके अलावा शिव कॉलोनी निवासी अजर, नांगल कलां निवासी सोमबीर, पिनाना निवासी विकास, सचिन, सरोज, राजीव नगर निवासी रूबी, कृष्णा, कुंडली निवासी रणजीत, प्याऊ मनियारी निवासी राजकुमारी, रतनगढ़ निवासी जयभगवान, आशिब, ममता, मेहरचंद, कविता, पुनीत, सन्नी, भटगांव निवासी वंश, कालूपुर निवासी सीमा, पटेल नगर निवासी राशिद, जाहरी निवासी विक्की, सुनील, जुआं निवासी नवनीत, महेश सहित अन्य लोग घायल हो गए।

### अवकाश के बाद ओपीडी में बढ़ी मरीजों की भीड़

दुल्हेंडी पर्व पर बुधवार को अवकाश के चलते वीरवार को नागरिक अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ ज्यादा रही। अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीज ओपीडी के बाहर पर्ची कटवाने के लिए लाइनों में लगे रहे। स्वास्थ्य कर्मियों की मानें तो वीरवार को अस्पताल में अन्य दिनों के अपेक्षा करीब 20 प्रतिशत मरीजों की संख्या ज्यादा रही। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में करीब 1700 मरीज व उपमंडल नागरिक अस्पताल की ओपीडी में 850 के करीब मरीज पहुंचे। अस्पताल में ओपीडी पर्ची बनवाने के साथ चिकित्सक कक्ष के बाहर मरीज अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। चिकित्सक से जांच करवाने के बाद मरीज वापस अपने गंतव्य को लौटे।

# निगम की सख्ती बेअसर, होर्डिंग्स व बैनर ने बिगाड़ी शहर की सुंदरता

**गुरुवार को नगर निगम के कर्मचारी दिनभर उतारने में जुटे रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम ने शहर में विभिन्न जगह बिना अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर व पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता को ग्रहण लगाने वालों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाना शुरू कर दिया है। विभिन्न व्यवसायिक कंपनियां व शैक्षणिक संस्थान बिना अनुमति लिए अपने फायदे के लिए जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगा रहे हैं। उधर होली पर्व को लेकर भी शहर में कई जगह बधाई संबंधी होर्डिंग्स लगाए गए हैं। होली पर्व के बाद वीरवार को नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स बोर्ड, फ्लैक्स, बैनर उतारने का अभियान चलाया गया। निगम कर्मचारियों ने सैकड़ों जगह खंभों व सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स बोर्ड को उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। शहर में बिना अनुमति होर्डिंग्स लगाने के मामले में नगर निगम की ओर से 28 फरवरी को 3 व्यवसायिक कंपनियों के खिलाफ दो पुलिस थानों में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद शहर में मुख्य मार्गों पर होर्डिंग्स लगाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर निगम अधिकारियों की मानें तो कुछ व्यावसायिक लोग अपनी प्रचार सामग्री को धड़ल्ले से शहर में कहीं भी लगा रहे हैं। यह लोग प्रतिबंधित क्षेत्रों सहित शहर में विभिन्न जगहों पर प्रचार सामग्री लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं, जबकि शहर में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, फ्लैक्स बोर्ड सहित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री को लगाने के लिए नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है। मनमर्जी से शहर में खंभों, चौक-चौराहों या भवनों पर प्रचार सामग्री लगाई गई।

**नगर निगम ने तीन कंपनियों के खिलाफ पुलिस में दी थी शिकायत**

■ शहर में मुख्य मार्गों पर होर्डिंग्स लगाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा

■ निगम ने 28 फरवरी को तीन कंपनियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी

■ होली पर लगे बधाई संदेशों से अटे खंभे और भवन

■ होर्डिंग्स से हादसों का भी खतरा बढ़ा




### नेता भी पीछे नहीं, निगम से बिना अनुमति लिए लगाए होली बधाई के पोस्टर व होर्डिंग्स

होली पर्व के चलते कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता भी बधाई के शुमार में शहर की सुंदरता को बिगाड़ने में पीछे नहीं है। शहर के कई मुख्य मार्गों पर नेताओं के खंभों पर लगे होर्डिंग्स इस बात का प्रमाण है। वीरवार सुबह कर्मचारियों की टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली के साथ शहर के रेलवे रोड, बस अड्डा, गीता भवन चौक सहित विभिन्न मार्गों पर पहुंचकर स्ट्रीट लाइट, बिजली के पोल व सड़क किनारे लगे होर्डिंग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। निगम अधिकारियों ने बिना अनुमति से होर्डिंग बोर्ड लगाने वालों को हिदायत दी, कि अगर भविष्य में किसी ने भी विभाग की अनुमति के बिना किसी प्रकार का होर्डिंग बोर्ड लगाया, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### नियमों का उल्लंघन सहन नहीं करेंगे

नगर निगम की ओर से कई बार अभियान चलाकर अवैध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स हटाए गए है। इसके बावजूद शहर में बिना अनुमति होर्डिंग्स लगाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। अधिकांश लोगों ने नगर निगम की अनुमति के बिना ही अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग बोर्ड लगा रहे हैं। होर्डिंगों के कारण दुर्घटनाएं होने का भय भी बना रहता है। कर्मचारियों को तत्परता से ही उपरोक्त होर्डिंग बोर्ड हटाने के आदेश दे दिए। निगम का यह अभियान जारी रहेगा।

**-अजय निराला**, कार्यकारी अभियंता
नगर निगम, सोनीपत

# गोहाना-जुलाना रोड पर बस पलटी, कई घायल

**बनवासा के पास संतुलन बिगड़ने से हादसा**


गोहाना। दुर्घटनाग्रस्त बस के पास खड़े यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गोहाना-जुलाना रोड पर गुरुवार को हरियाणा रोडवेज की एक बस अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 20 से 30 यात्री सवार थे, जो गोहाना से जुलाना की ओर जा रहे थे। बस के पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी की जान बाल-बाल बच गई। बस पलटने से कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। बस चालक मदन ने बताया कि बस गोहाना से जुलाना की ओर जा रही थी। जैसे ही बस बनवासा गांव से आगे छपरा मोड़ के पास पहुंची, अचानक संतुलन बिगड़ गया और बस सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि यात्रियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। बस के पलटते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री खुद ही बस से बाहर निकल आए, जबकि कुछ को स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया।

### पुलिस ने हादसे की जांच शुरू की

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित मदद के चलते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## बस की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी के एक बुजुर्ग किसान की सडक़ हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बिचपड़ी-जागसी रोड पर हुआ, जब एक सरकारी रोडवेज बस ने पीछे से साइकिल सवार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान फूलकुवार (67) निवासी गांव बिचपड़ी के रूप में हुई है। उनके पुत्र प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके पिता खेती-बाड़ी में सहयोग करते थे और भैंस पालन कर दूध का कार्य भी करते थे। सोमवार को वे साइकिल पर घर से गांव बिचपड़ी की ओर जा रहे थे। जब वे बिचपड़ी से जागसी रोड पर अपनी साइड में चल रहे थे, तभी पीछे से गांव जागसी की ओर से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने तेज रफ्तार और लापरवाही से साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही फूलकुवार साइकिल सहित सडक़ किनारे गिर पड़े और उनके सिर व पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद बस चालक ने वाहन रोक दिया। प्रदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे और घायल पिता को तुरंत निजी वाहन से खानपुर मेडिकल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## घर से एलईडी व सामान चोरी

**गन्नौर।** गांव पांची में एक घर से गैस सिलेंडर, एलईडी सहित अन्य घरेलू सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पांची निवासी शकुंतला ने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने के कारण वह इलाज के लिए अपनी बेटी सुनीता के पास पुंडरी गई हुई थी। होली के त्योहार के अवसर पर जब वह अपने घर वापस लौटी तो देखा कि घर का ताला खुला हुआ था और अंदर से सामान गायब था। पीड़िता के अनुसार घर से गैस सिलेंडर, एलईडी, दो किलो देसी घी तथा सात बिना सिले सूट चोरी कर लिए गए हैं।पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपितों का पता लगाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वारदात के सुलझाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी देखे जाएंगे।

## लापता बुजुर्ग का शव नहर में मिला

**गन्नौर।** गन्नौर क्षेत्र में जुआ झाल के पास नहर से एक व्यक्ति का शव मिल है। मृतक की पहचान गांव नदीपुर माजरा निवासी 55 वर्षीय हवा सिंह के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए एएसआई नरेंद्र ने बताया कि हवा सिंह के लापता होने की शिकायत परिवार वालों ने 2 मार्च को पुलिस को दी थी।

### खेत गया था हवा सिंह

परिवार से मिली शिकायत के अनुसार हवा सिंह को दौरे पड़ने की बीमारी थी। उसका कैलाना पुल के पास खेत है और वह 1 मार्च को खेत पर गया था, लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा तलाश करने पर कैलाना पुल के पास उसकी चप्पल, दवाई और एक दरी पड़ी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर नहर में उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को जुआ झाल के पास नहर में उसका शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**होली खेलने गए प्रवासी श्रमिकों के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू**

# मऊ स्टेशन से अंबाला कैंट तक चलेगी साप्ताहिक ट्रेन, अपडाउन रूट पर चलने से दो दिन मिलेगी सुविधा

**यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 5 से 27 मार्च तक करेगा स्पेशल ट्रेन का परिचालन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विभिन्न प्रदेश व जिलों में अपने परिवार के साथ घरों में होली मनाकर अब प्रवासी यात्री अपने काम पर वापस लौटेंगे। ऐसे में उत्तर रेल मंडल ने विभिन्न रूटों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट पर भी साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। उत्तरप्रदेश के मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक 5 से 27 मार्च तक वीरवार को अप-डाउन रूट पर साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया। यह निर्णय ट्रेनों में बढ़ती भीड़ व यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लिया गया है। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों को अप-डाउन रूट पर सप्ताह में एक-एक दिन स्पेशल ट्रेन से आवागमन में सुविधा मिलेगी। होली उत्सव बुधवार को संपन्न हो गया है। ऐसे में विभिन्न प्रदेश व जिलों में अपने घरों से दूर कार्यरत लोग होली पर्व मनाकर अब वापस अपने कामधंधों के लिए लौटेंगे। स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू होने से यात्री सुविधाजनक आवागमन कर सकेंगे। मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का अप-डाउन रूट पर सप्ताह में एक-एक बार परिचालन होगा। होली स्पेशल ट्रेन (05301-05302) सप्ताह में एक दिन मऊ जंक्शन व एक दिन अंबाला से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। 5 से 26 मार्च तक ट्रेन संख्या 05301 प्रत्येक वीरवार को मऊ जंक्शन से सुबह 4:00 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर सोनीपत के रास्ते रात 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी। सोनीपत स्टेशन पर ट्रेन का रात 9:12 बजे ठहराव रहेगा। वापसी में 6 से 27 मार्च तक ट्रेन संख्या 05302 प्रत्येक शुक्रवार को अंबाला कैंट से रात 1:40 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर सोनीपत के रास्ते रात 11:00 बजे मऊ जंक्शन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। सोनीपत स्टेशन पर इस ट्रेन का अलसुबह 3:40 बजे ठहराव रहेगा।



### सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर 2 मिनट का ठहराव

एसी, स्लीपर व सामान्य डिब्बों वाली साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का मार्ग में सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर 2 मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। ट्रेन मऊ जंक्शन से चलकर बेल्थारा, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बुढ़वाल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत होते हुए अंबाला कैंट में अपनी यात्रा संपन्न करेगी। स्पेशल ट्रेन के संचालन का लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट के दैनिक यात्रियों को भी फायदा मिलेगा।

### ट्रेनों में वेटिंग जारी नहीं मिल रही आरक्षित टिकट

होली उत्सव संपन्न होने के बाद भी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग का सिलसिला जारी है। ऐसे में यात्रियों को आरक्षित टिकट नहीं मिल पा रहा है। यात्रियों की सुविधा के चलते रेलवे ने मऊ-अंबाला रूट पर होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। एसी, स्लीपर व सामान्य डिब्बों वाली साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। यात्रियों को आरक्षित टिकट मिल सकेगी।

# समाधान शिविर में मिली पांच शिकायतें, कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सीटीएम डॉ. अनमोल की अध्यक्षता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर का आयोजन लघु सचिवालय के तृतीय तल पर किया गया। इस दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिसपर सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। गुरूवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें गुहणा गांव में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे हटवाने से संबंधित शिकायत, पानी, बिजली, बुढ़ापा पेंशन व परिवार पहचान पत्र को ठीक करवाने से संबंधित रही।



### सीटीएम ने सुनीं समस्याएं

सीटीएम डॉ. अनमोल ने प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए व शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान रखने के लिए कहा। इस मौके पर एसीपी राजपाल सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनिष मलिक व सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



## 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चक्कर खाके गोल-गोल।
चंदा घूमे गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हंसते-हंसते बोलें फिर,
हम भी घूमें गोल-गोल।
घूमेंगे हम गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
धरती घूमे गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
चंदा घूमे गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
कभी न गिरते वे देखो
हुए-हुए हम रोल-पोल।
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

## सॉरी दादा जी!

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'



एआई इमेज

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तरः 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप



### डिजिटल सिस्टम पर आधारित होगी जनगणना

**सोनीपत।** जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम नगराधीश डॉ. अनमोल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला सांख्यिकी विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य आगामी जनगणना को व्यवस्थित तरीके से पूर्ण करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सुपरवाइजरों, फील्ड ट्रेनरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना के डिजिटल स्वरूप, नई कार्यप्रणाली तथा प्रशासनिक जिम्मेदारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

इस दौरान नगराधीश ने बताया गया कि वर्ष 2027 की जनगणना भारत की पहली डिजिटल मोड में आयोजित होने वाली जनगणना होगी। इसमें मोबाइल ऐप और सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से डेटा का ऑनलाइन संकलन किया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है।

## दसवीं की परीक्षा: जिलेभर में नकल का कोई भी मामला सामने नहीं आया

# 15496 छात्रों ने 71 केंद्रों पर दिया अंग्रेजी का पेपर, 157 रहे गैरहाजिर

### समय से पहले केंद्रों के बाहर जुटे विद्यार्थी, अभिभावकों की लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से बनाए गए 71 केंद्रों पर वीरवार को कक्षा 10वीं के पंजीकृत 15653 विद्यार्थियों में से 15496 ने अंग्रेजी विषय का पेपर दिया, जबकि 157 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि जिलाभर नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा दी। वहीं सीबीएसई की ओर से बने केंद्रों पर कक्षा 12वीं की मनोविज्ञान विषय पर परीक्षा हुई।

इस वर्ष जिले में एचबीएसई के तहत 31104 तो सीबीएसई के अंतर्गत 20800 विद्यार्थी परीक्षाएं देकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एचबीएसई बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिलाभर में 71 केंद्रों पर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय का पेपर रहा। विद्यार्थियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया, जबकि 157 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर चहल-पहल का माहौल रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों व अभिभावकों की भीड़ रही। कड़ी जांच के बाद सुबह 11:30 बजे के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उधर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलरहित संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे गए। केंद्रों के बाहर जहां काफी पुलिस बल तैनात रहा। वीरवार को नकल का कोई मामला जिले में सामने नहीं आया। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने भी राहत की सांस ली है। परीक्षा दोपहर 12:30 से 3:30 बजे तक आयोजित हुई।



**सोनीपत।** गीता भवन चौक पर बनाए गए परीक्षा केंद्र के बाहर प्रवेश मिलने का इंतजार करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रशासन, शिक्षा अधिकारियों सहित उड़नदस्ता टीमें संभाल रही मोर्चा

बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। नकल को रोकने के लिए जिले में 7 उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है, जबकि बोर्ड के उड़नदस्ता की टीम भी केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। नकलचियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी सहित उड़नदस्ता की टीमें दिनभर मोर्चा संभाले नजर आईं। अधिकारियों ने उड़नदस्ता की टीमों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए केंद्रों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा। किसी भी बाहरी व्यक्ति के परीक्षा केंद्रों के आसपास खड़ा होने पर पाबंदी रही।

### 12वीं की आज इतिहास व जीव विज्ञान की परीक्षा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 25 फरवरी से कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ की गई थी। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी केंद्रों पर शुक्रवार को इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा देंगे। हरियाणा बोर्ड की ओर से जिले में कुल 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 8 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता टीमें विशेष नजर रखे हुए हैं।

### विभाग पूरी तरह सतर्क

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से वीरवार को कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा रही। परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न करवाई गई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पूर्ण रूप से शांति बनी रही। नकल को रोकने के लिए बोर्ड के साथ जिला शिक्षा विभाग भी पूरी तरह सतर्क है।

- नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## खबर संक्षेप



### साउथ पॉइंट स्कूल में हर्ष से मनाया पर्व

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में होली पर्व पर विद्यार्थियों ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और रंगों के इस त्योहार की खुशियां सांझा कीं। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें होली के पारंपरिक गीतों और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार हमें आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने और समाज में खुशियां बांटने की प्रेरणा देते हैं।



### क्रिकेट स्पर्धा में विजेता विनोद सम्मानित

**गोहाना।** गुरुवार को शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित सत नगर में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अंतर्राज्यीय टी-सीरीज दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 में विजेता खिलाड़ी गांव दोदवा के विनोद को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया रहे। चंडीगढ़ मोहाली में टी-20 दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब व दिल्ली की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें फाइनल मैच दिल्ली और हरियाणा के बीच हुआ। इस मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उनके अनुसार इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी विनोद ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए और आठ गेंदो में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। में खिलाड़ी नवीन, मानिक, जतिन, कुणाल, हर भगवान चोपड़ा, उधम सिंह, सुभाष शर्मा, मनोज सैनी, आशीष, सुषमा सेतिया, सुदेश रानी, रीना कश्यप, शाहिदन मुल्ला व रूपाली उपस्थित रहे।

### सोनीपत में 18 को राज्यस्तरीय महापंचायत

**गोहाना।** अखिल भारतीय जोगी योगी समाज हरियाणा द्वारा 18 मार्च को सोनीपत की जोगी धर्मशाला में प्रदेश स्तरीय महापंचायत आयोजित की जाएगी। गुरुवार को गोहाना में महापंचायत की तैयारी बैठक आयोजित की गई जिसमें समाज के लोगों को जिम्मेवारियां सौंपी गई। समाज के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व अभियंता सत्यपाल योगी एवं जोगी समाज हरियाणा हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश योगी गोहाना में समाज के लोगों को महापंचायत के लिए निमंत्रण देने पहुंचे। समाज के शिष्टमंडल में इनके अलावा जोगी समाज धर्मशाला के पूर्व सचिव आनंद दहिया और रामकिशन फौजी शामिल रहे। गोहाना से धर्मशाला प्रधान संदीप जोगी, प्रवीण रिवाल, संदीप राठी, कंटु राठी, नरेश रिवाल, मुकेश रमडा, सुभाष चन्द्र, संदीप, अंकूर, संजू उपस्थित रहे।



### कबड्डी में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज द्वितीय

**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित अंतर सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान मे बताया कि यह प्रतियोगिता एमडीयू के स्पोटर्स काम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने बहादुरगढ़ कॉलेज को 27-8 से, वैश महिला महाविद्यालय जो 30-7 फाइनल में एमकेजेके कॉलेज के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया तथा छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय की टीम के लिए हुआ। साथ ही टीकाराम एजुकेशन सोसाईटी से प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।



### निवर्तमान मेयर ने जांची व्यवस्था, दिए निर्देश

**सोनीपत।** नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने मुरथल रोड पर चल रहे कुत्तों के बंधीकरण एवं टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया और नई एजेंसी द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी ली। केंद्र का संचालन कर रही सनेह एनिमल वेलफेयर सोसाइटी का काम देख रहे डॉक्टर अभिषेक से कुत्तों को गलियों से लाने के बाद रखने वाले कमरे, नसबंदी ऑपरेशन करने के लिए बनाये गए ऑपरेशन थियटर तथा नसबंदी के बाद तीन दिन तक रखने, खाने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि काम संभालने के बाद हमारी टीम ने एक हजार से ज्यादा कुत्तों की नसबंदी की है और लगभग डेढ़ हजार कुत्तों का टीकाकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के साथ मिलकर टीकाकरण के कैम्प भी आयोजित किये गए हैं। गांव लहराड़ा में कश्यप चौपाल में पुस्तकालय के निर्माण में घटिया ईंटों के प्रयोग की शिकायत के चलते राजीव जैन मौके पर पंहुचे और ठेकेदार को फोन करके सारी ख़राब ईंटें उठवाकर नई ईंटें लगाने के निर्देश दिए। जैन ने लिवान में चल रहे गलियों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों ने इस दौरान राइ गांव को जाने वाली सड़क पर गन्दा पानी खड़ा रहने तथा सफाई वयवस्था ठीक ना होने की शिकायत की। राजीव जैन ने सम्बंधित अधिकारियों को फोन कर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### ऋषि चैतन्य आश्रम में उल्लास के साथ मनाया होली का त्योहार

**सराबोर।** गन्नौर। जीटी रोड स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम में होली का पावन पर्व भक्ति, उल्लास और दिव्य संकीर्तन के साथ मनाया गया। आनंदमूर्ति गुरुमां के सान्निध्य में आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया और आध्यात्मिक रंगों में सराबोर हो गए। अपने प्रवचन में गुरुमां ने सगुण और निर्गुण भक्ति के संगम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली केवल श्रीकृष्ण की लीलाओं का पर्व ही नहीं, बल्कि महादेव, श्रीराम-सीता और भक्त प्रह्लाद की आस्था से भी जुड़ा हुआ है। गुरुमां ने आधुनिक जीवन में आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने के लिए साधकों को व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि सुबह भोर में एक घंटा स्वयं के लिए निकालकर नंगे पैर घास पर चलना, प्राणायाम और मंत्र जप करना मन को शांति देता है। वहीं रात को सोने से पहले कुछ समय स्क्रीन से दूर रहकर ध्यान और शांत संगीत सुनने से मानसिक शांति मिलती है। सत्संग के अंत में संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें फागुन के दिन चार होरी खेल मना रे और आजो म्हारे देस जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। पूरा आश्रम प्रेम, वैराग्य और भक्ति के रंगों से सराबोर नजर आया।

### वैदिक यज्ञ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फूलों की होली से वातावरण उल्लासमय

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर-14 सोनीपत के तत्वावधान में होली के अवसर पर क्षेत्र की वैदिक संस्थाओं की ओर से आर्य परिवार मंगल मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान रविन्द्र कुमार आर्य ने की, जबकि आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ वासंतिय नवशस्येष्टि यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर वातावरण को वैदिक मंत्रोच्चार से पवित्र किया। समारोह का संचालन संस्था महासचिव रविन्द्र कुमार कुकरेजा ने किया। कार्यक्रम में अरुण बंसल, सुरेन्द्र मदान, मोनिका मदान, जितेंद्र कामरा, कंचन कामरा और अनुज छाबड़ा विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। यज्ञ के बाद होली के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। चन्द्र भान, सार्थक, अंजना, अनुष्का, आद्या, विभूति, अथर्व और श्रेयस तलवार की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में ईश्वर दयाल शर्मा, दीपक तलवार, हरि चन्द स्नेही, पूनम भुटानी, भगत सिंह, दीक्षा आर्या, रमेश आर्य, जितेन्द्र मलिक, संतोष खुराना सहित आर्योदय गुरुकुल के विद्यार्थी और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



सोनीपत। आर्य समाज के कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रबुद्ध जन।



# जर्जर सड़कों से बेहाल ग्रामीणों ने समाधान शिविर में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना हल्के के कई गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों की जर्जर हालत से परेशान ग्रामीणों की समस्या आखिरकार समाधान शिविर तक पहुंच गई। रक्षक सेना से जुड़े समाजसेवी मनजीत तिहाड़ा ने जिला मिनी सचिवालय सोनीपत में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा उठाया और इनके जल्द नवनिर्माण की मांग की। मनजीत तिहाड़ा ने बताया कि गोहाना क्षेत्र में कई प्रमुख संपर्क मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में हैं। जगह-जगह से उखड़ी और उबड़-खाबड़ हो चुकी इन सड़कों से प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीण अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए गुजरते हैं। सड़कें टूटने के कारण न केवल लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन को बताया कि कई स्थानों पर सड़क मार्गों पर सफेद पट्टिकाएं और दिशा संकेतक तक नहीं लगाए गए हैं। इसके अलावा जगह-जगह बनाए गए गति अवरोधक भी नियमों के अनुसार नहीं बनाए गए हैं। कई स्पीड ब्रेकर अचानक ऊंचे बना दिए गए हैं और उनके पहले कोई चेतावनी चिन्ह भी नहीं लगाए गए, जिसके कारण वाहन चालकों को अचानक झटका लगता है और दुर्घटनाएं हो जाती हैं। कई लोग इन हादसों में घायल भी हो चुके हैं।

### इन सड़कों की समस्या उठाई

समाधान शिविर में जिन प्रमुख मार्गों की समस्या उठाई गई, उनमें सोनीपत से सेक्टर-23 डंपिंग यार्ड से गढ़ी ब्राह्मणा, महलाना, तिहाड़-बाघडू, भटगांव, लुहारी टिब्बा, सलीमसर माजरा से महीपुर तक जाने वाला सड़क मार्ग शामिल है। इसके अलावा तिहाड़ा कलां से रतनगढ़ तक का मार्ग, भटगांव-फरमाणा मार्ग से लुहारी टिब्बा से मोहाना गर्ल्स कॉलेज तक का रास्ता, तिहाड़ा कलां से खेड़ी दहिया तक का मार्ग, खेड़ी दहिया से शेहरी-खांडा की ओर जाने वाला मार्ग, बड़वासनी से डेरा पुरबिया होते हुए भटगांव-फरमाणा मार्ग तथा पिनाना रोड से बिधल गांव तक जाने वाला मार्ग भी लंबे समय से जर्जर बताए गए।

### गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की जाए

मनजीत तिहाड़ा ने मांग की कि इन सड़कों की निर्माण गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं निर्माण में अनियमितता या अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए एक समिति गठित की जाए जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समाजसेवियों को भी शामिल किया जाए, ताकि जांच पारदर्शी तरीके से हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इनमें से कुछ सड़कों की समस्याएं पहले भी कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा के जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा उठाई जा चुकी हैं।

## समस्याओं के समाधान में ढ़िलाई सहन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को उपमंडलीय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने लोगों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के निर्देश दिए।

अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि लोगों की शिकायतों का समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे में अधिकारी लोगों की समस्याओं का समय पर निदान करके अपनी ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दें। समस्याओं के समाधान में ढ़िलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना होता है। गुरुवार को समाधान शिविर में तीन शिकायतें प्राप्त हुई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार जतिन्द्र गिल, बीडीपीओ गोहाना परमजीत, बीडीपीओ कथूरा पूनम चंदा, एसडीओ यूएचबीवीएन कपिल, एएफएसओ राजेश हुड्डा, एसडीई सुनील कुमार, ओसी अजय कुमार, मंडी सुपरवाईजर देवेन्द्र कुमार, विकास व ग्राम सचिव मोहित कुमार उपस्थित रहे।



## योग मोटापा घटाने का रामबाण इलाज

- विश्व मोटापा दिवस पर करवाया योग क्रियाओं का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में नियमित लगने वाली योग कक्षा में विश्व मोटापा दिवस पर साधकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। अध्यक्षता योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने की।

मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा विश्व में मोटापा दिवस वर्ष 2020 से हर साल 4 मार्च को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। मोटापे की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिससे यह चिंता जनक समस्या एक आम बात बन गई है। वर्ष 27 तक विश्व भर में करीब 27 करोड़ से अधिक व्यस्क मोटापे या अधिक वजन से ग्रस्त होने का अनुमान है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। आप अपनी दिनचर्या, खान-पान और नियमित योग अभ्यास करके मोटापे और वजन से प्रभावी ढंग से काबू कर सकते हैं। आजाद सिंह दांगी ने कहा कि योग के साथ-साथ फाइबर युक्त और कम कैलोरी वाला भोजन लें। शाम को समय पर सोएं और सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठें।



### महिलाओं को दी कानूनी सुरक्षा की जानकारी

**गोहाना।** गुरुवार को गांव नगर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कानूनी एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को पुलिस हेल्पलाईन नम्बर 112, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 व 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

- **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यक्रम का आयोजन**

महिला एव बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला देवी ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए कड़े कानूनी सुधार और सुरक्षा उपाय लागू किए जा रहे हैं। बाल यौन शोषण से निपटने के लिए अद्यतन किया गया पीओसीएसओ अधिनियम, 2012 भी शामिल है। बाल विवाह निषेध अधिनियम युवा लड़कियों की रक्षा करता है, जबकि घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 व्यापक कानूनी सहायता प्रदान करता है। इस अवसर पर सर्कल सुपरवाजर इंद्रवती, पूनम एवं काफी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

**निरीक्षण** जस्टिस राजेश ने जिला कोर्ट का निरीक्षण कर बार-बेंच कॉरिडोर का किया उद्घाटन

# समस्याएं-सुझाव सुनकर जल्द संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन



**सोनीपत।** जिला न्यायालय परिसर में बार व बेंच के बीच बनाए गए नए कॉरिडोर का उद्घाटन करते हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश भारद्वाज, मौजूद अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश भारद्वाज ने सोनीपत जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बार व बेंच के बीच बनाए गए नए कॉरिडोर का विधिवत उद्घाटन भी किया। न्यायालय के निरीक्षण के उपरांत जस्टिस राजेश भारद्वाज बार रूम में पहुंचे, जहां उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना, उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। जस्टिस राजेश भारद्वाज के न्यायालय में निरीक्षण के दौरान सभी न्यायाधीश, उपायुक्त सुशील सारवान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के प्रधान सोनू भारद्वाज मलिकपुर ने जस्टिस राजेश भारद्वाज के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वह अत्यंत कर्तव्यनिष्ठ, शांत स्वभाव, अनुशासन व कार्यप्रणाली में विश्वास रखने वाले न्यायाधीश हैं। उन्होंने बताया कि जस्टिस राजेश भारद्वाज मूलरूप से हरियाणा के पानीपत जिले से संबंध रखते हैं। सोनीपत बार व बेंच के बीच आपसी सहयोग और सम्मान का संबंध आगे भी इसी प्रकार मजबूत बना रहेगा। इस मौके पर बार के सचिव संदीप खर्ब, सह-सचिव कृतिका सहित काफी अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

### खरखौदाः न्यायालय परिसर में मालखाने का किया उद्घाटन

**खरखौदा।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जज राजेश भारद्वाज गुरुवार को अपनी धर्मपत्नी डॉ. पूनम भारद्वाज के साथ खरखौदा पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनीपत जगजीत सिंह व उनकी धर्मपत्नी भी मौजूद रहीं। यहां पहुंचने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। जस्टिस राजेश भारद्वाज ने न्यायालय परिसर में बने मालखाने का उद्घाटन किया और उसका निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ अपने निजी अनुभव साझा किए। न्यायाधीश सूर्यकांत, एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, एसीपी राजदीप सिंह मोर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पवन कुमार सहित गणमान्य व्यक्ति व खरखौदा के वकील मौजूद रहे।



खरखौदा। जज को सम्मानित करते बार एसोसिएशन प्रधान आशुतोष सरोहा। फोटो : हरिभूमि

## होली पर्व : भाभियों ने देवरों पर की कोरड़ों की बौछार

# दुल्हेंडी पर जमकर बरसे 'रंग-गुलाल'

1 **जिलेभर में हर्षोल्लास व पारंपरिक तरीके से मनाया रंगो का पर्व, हर वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह**

2 **घरों की छत व गलियों में दिखा हुड़दंग, युवाओं ने डीजे की धुन पर डांस कर जमकर मचाया धमाल**

3 **बच्चों ने पिचकारियों से आने-जाने वालों को भिगोया, महिलाएं-पुरुष भी होली के रंगों में रंगे नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेभर में दुल्हेंडी (होली) का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। दुल्हेंडी पर जहां जमकर रंग-गुलाल बरसा, वहीं कोरडे की बौछार भी हुई। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक रंगोत्सव की धूम रही। घरों की छत व गलियों में दुल्हेंडी का हुड़दंग दिखा। युवाओं ने डीजे की धुन पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए जमकर धमाल मचाया। बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं व पुरुषों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगोत्सव की बधाई दी।

प्यार व उत्साह के प्रतीक दुल्हेंडी पर्व पर जिलाभर में जमकर जहां रंग-गुलाल उड़ा, वहीं सोनीपत शहर के साथ गोहाना, खरखौदा, राई व गन्नौर में भी रंगों की धूम रही। हर गली-मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलकर रंगोत्सव की बधाई दी। सुबह करीब आठ बजे शुरू हुआ एक-दूसरे को रंग लगाने व पानी डालने का दौर दोपहर बाद तक जारी रहा। शहर की सड़कों पर युवाओं का हुजूम दिखा, तो गांवों में भी लोगों ने रंगों के इस पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। कई जगह डीजे पर होली के गानों की धुन तो कहीं लोग ढोल की थाप पर महिला-पुरुषों ने जमकर धमाल मचाया।





**महिआओं ने बरसाए कोरड़े**

## बुजुर्गों में भी बना रहा विशेष उत्साह

महिलाओं ने होली के रंग को और अधिक गाढ़ा करते हुए देवरों पर जमकर कोरडे बरसाए। प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के अनुसार देवरों ने भाभियों को रंग लगाया, वहीं भाभियों ने भी उन पर कोरडे बरसाए। युवा वर्ग महिलाओं के कोरडे की मार से बचने का प्रयास करते रहे। दुल्हेंडी पर बच्चों, युवक-युवतियों, महिला-पुरुषों सहित बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह बना रहा। सभी एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर व पानी फेंकते हुए मस्ती में डूबे रहे।

### रंगो की बौछारों पर झूमे लोग

दुल्हेंडी के गीतों ने बढ़ाई लोगों की मस्ती
जिलाभर में जगह-जगह गायन मंडली दुल्हेंडी के गीत गाती नजर आई। लोग रंगों की बौछार के साथ ढोल की थाप पर झूमते रहे। होली पर कहीं रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे बज रहा था, तो कहीं होली आई होली मस्तानों की टोली, गो-गो गोविंदा की धुन पर युवा नाचते दिखे। होली के रंगों से शहर की सड़के रंग-बिरंगी हो गई। लोगों ने अपने घरों में तरह-तरह के पकवान बनाकर उनका आनंद लिया।

### गीतों पर लोगों ने लगाए ठुमके

रंग से सराबोर समूह में चल रहे युवा रास्ते में मिल रहे हर एक को रंगने में गुरेज नहीं कर रहे थे। कई जगहों पर युवाओं ने ढोल बजाते हुए होली गीतों पर लोगों ने ठुमके भी लगाए। छोटे बच्चे घर की छतों से आने-जाने वाले पर पिचकारी से रंग डाल रहे थे। दुल्हेंडी पर्व पर शहर की सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बाजार में एक-दो दुकानों को छोड़ अधिकतर दुकानें बंद रही। सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही बेहद कम रही। दोपहर बाद ही बाजारों में चहलकदमी दिखाई दी। रंगों के उत्सव पर मचने वाले हुड़दंग को देखते हुए पुलिस ने भी पहले से ही सभी व्यापक प्रबंध किए हुए थे। जिले में चौक-चौराहों पर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

**कीर्तन के दौरान होली खेलते लोग**





सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विधायक साथ में जिला महामंत्री तरुण देवीदास।

## हनुमान मंदिर में चार दिवसीय होली मिलन महोत्सव सम्पन्न

**विधायक और जिला महामंत्री ने की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नन्दवानी नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्री सेवा समिति महाबीर दल द्वारा 1 मार्च से 4 मार्च तक होली मिलन महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री गीता मानस अमृत महोत्सव ज्ञान भक्ति यज्ञ एवं मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कैम्प का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने भी शिरकत की और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री तरुण देवीदास ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति में पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। उन्होंने बताया कि समाज तभी मजबूत बनता है जब लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े हों। कार्यक्रम में व्यास पीठासीन पूज्य गुरुदेव गीताज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यानन्द महाराज ने अपने प्रेरणादायी सत्संग में श्रीमद्भागवत गीता और रामचरितमानस के माध्यम से होली के आध्यात्मिक और रसमय स्वरूप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्याम लाल छाबड़ा, प्रेम बत्रा, धर्मपाल छाबड़ा, ललित बत्रा, वासुदेव चावला, पवन बत्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### बिधलान में शीतला माता का वार्षिक मेला 10 को

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव बिधलान में शीतला माता मंदिर का वार्षिक मेला 10 मार्च मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष चैत्र मास की सप्तमी को लगाए जाने वाले इस मेले की तैयारियों को लेकर सरपंच सुभाष पहलवान ने कमेटी सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक का आयोजन किया। मेले के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों की ड्युटी लगाई गई है। इस वार्षिक मेले में दहिया खाप के सभी गांवों और साथ साथ लगते गांवों के श्रद्धालुओं की रात 12 बजे से ही माता के दर्शन करने के लिए लंबी लाइनें लग जाती हैं। दोपहर बाद स्कूल ग्राउंड में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

## डीएम इलेवन बनी विजेता, यूनिक स्टेडियम की टीम को 3 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शेखपुरा स्थित यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित'दीक्षा नर्सिंग टी 20 क्रिकेट कप 2026 के फाइनल मुकाबले में डीएम इलेवन क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिक स्टेडियम की टीम को 3 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान खिलाडिय़ों के प्रदर्शन ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा। फाइनल मैच में यूनिक स्टेडियम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 23 ओवर में 157 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यूनिक टीम की ओर से दीपू ने 30 रन और प्रवीण ने 28 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। गेंदबाजी में डीएम इलेवन के सिकंदर उर्फ लाला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि लोकेश कादयान, मनोज छौक्कर और कर्मवीर शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए। 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने हुए 58 रन बनाकर 3 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मौके पर यूनिक स्टेडियम के चेयरमैन दीपक गोयल, सुरेश पंघाल, डॉ. राजेश शर्मा, उपेंद्र डीपी, दिनेश धनखड़, सोमबीर और गुरमेल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।



## होली प्रेम और सद्भाव का त्योहार : कमल दिवान

- कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी व क्षेत्रवासी कार्यक्रम में पहुंचे, एक दुसरे से गुलाल लगाकर व गले मिलकर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सांसद, जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं अन्य नेता।

रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली रोड स्थित दिवान फार्म हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष कमल दिवान के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीति, समाजसेवा और व्यापार जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों ने शिरकत की।मंगलवार सायंकाल 5 बजे से ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का तांता लगना शुरू हो गया था। समारोह के दौरान कमल दिवान ने स्व. देवराज दिवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मिलन समारोह ने न केवल राजनीतिक एकजुटता का संदेश दिया, बल्कि शहर की सामाजिक समरसता की मिसाल भी पेश की। कमल दिवान ने कहा कि होली हमारे अंतर्मन के द्वेष और गिले-शिकवे मिटाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पावन अवसर है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक प्रेम और सद्भाव के इन रंगों में सराबोर रहे और शहर में भाईचारे की जड़ें और मजबूत हों।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया,सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, जयपाल सिंह दहिया खाप प्रधान, जय भगवान आंतिल, संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल, उपाध्यक्ष सतपाल कौशिक, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, उपाध्यक्ष अमनदीप पाराशर, महासचिव राजेश सेवली, महा सचिव देवेंद्र शर्मा, देवेंद्र गौतम, सचिव अनुज छाबड़ा, सचिव अंकित मेहता, सचिव पायल मलिक व जयकुमार खत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### सैनिक स्कूल की परीक्षा में 40 विद्यार्थी उतीर्ण

**सोनीपत।** एनटीए द्वारा आल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) के छात्रों के द्वारा उत्कृष्ट परिणाम दिया गया। कक्षा पांचवीं से 25 और कक्षा आठवीं से 15 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उतीर्ण किया। अध्यापकों का इस परीक्षा की तैयारी करवाने में अहम योगदान रहा। विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निदेशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने क्रमशः छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बधाई दी व सभी छात्रों को मिठाई खिलाई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## भोगीपुर के एसएस विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

- प्रबंधक नवीन राठी, मुख्याध्यापिका सुमन राठी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। समारोह में मेधावी छात्रों को प्रबंधक नवीन राठी, मुख्याध्यापिका सुमन राठी सम्मानित करते हुए।

भोगीपुर स्थित एसएस आधुनिक माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक नवीन राठी ने मुख्याध्यापिका सुमन राठी के सहयोग से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्याध्यापिका सुमन राठी ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक और मजबूत विद्यालयी नेतृत्व के मार्गदर्शन में ही छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। शिक्षिका रेनू शर्मा, योगिता कुमारी, प्रियंका, अनुराधा, निशा देवी, रश्मि, दलजीत का विशेष योगदान रहा।

## शिविर में 192 मरीजों की नेत्र जांच 26 के होंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**खरखौदा।** स्थानीय लाला जय नारायण धर्मशाला में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र जांच एवं ऑपरेशन कैंप के साथ स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन तथा न्यूरो थैरेपी की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर 192 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 26 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। इन मरीजों का ऑपरेशन शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में निःशुल्क कराया जाएगा तथा उनके आने-जाने, ठहरने व भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की जाएगी। इस दौरान अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने भी सहयोग प्रदान किया, जिससे लगभग 88 मरीजों ने लाभ उठाया। वहीं राजू कोच द्वारा लगाए गए न्यूरो थैरेपी कैंप में 25 लोगों को दर्द व अन्य समस्याओं से राहत दी गई। कार्यक्रम के दौरान टीका राम मित्तल, धर्मपाल गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, पंकज गुप्ता, बिजेन्द्र जांगड़ा सहित ठाकुर जी की रसोई की पूरी टीम एवं समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज आर्किटेक्चर डिजाइन के विद्यार्थियों ने अपने भवन निर्माण पाठ्यक्रम के अंतर्गत मुरथल स्थित एक निजी संस्थान का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को निर्माण क्षेत्र में प्रयोग होने वाली आधुनिक सामग्रियों, तकनीकों तथा कार्यप्रणालियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझ सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विभाग के शिक्षक आर्किटेक्ट खुर्रम अली, आर्किटेक्ट दिशा बिस्वास तथा प्रोफेसर तनु श्री उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। भ्रमण के दौरान संस्थान के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक फर्श निर्माण प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## भाजपा नेता अरुण बंसल ने विभिन्न कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के भविष्य की आधारशिला : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अरुण बंसल ने हरियाणा मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बढ़खालसा के साथ हिंदू विद्या पीठ, सोनीपत का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सदस्य प्रधान राजीव अग्रवाल, सचिव अनुज मित्तल तथा कोषाध्यक्ष जयकुंवर जैन ने उन्हें विद्यालय में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। अरुण बंसल ने शिक्षा संस्थानों के निरंतर विकास की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इसके बाद उन्होंने काठ मंडी, सोनीपत में समाजसेवी पवन गोयल द्वारा आयोजित वार्षिक भंडारे में पहुंचकर सेवा कार्यों में भाग लिया और आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पवन गोयल, रिंकेश गोयल और शिवम गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अरुण बंसल ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सेवा भाव से जुड़े आयोजन समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता अरुण बंसल बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए।

### लोगों के साथ मनाई होली

अरुण बंसल एल्डेको काउंटी, सोनीपत पहुंचे, जहां स्थानीय निवासियों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया। अरुण बंसल ने सोनीपत के उपायुक्त सुशील सरवान के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें भी होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिले के विकास कार्यों एवं प्रशासनिक समन्वय पर सकारात्मक संवाद हुआ। तत्पश्चात अरुण बंसल शंभू दयाल स्कूल में आयोजित खाटू श्याम के कीर्तन में शामिल हुए। भजन-कीर्तन में सहभागिता कर उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ होली खेली और सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अरुण बंसल ने कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का पर्व है।





खरखौदा। यश का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## कल्पना चावला विद्यापीठ के छात्र यश ने जेईई में प्राप्त किए 94.6 पर्सेंटाइल अंक

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थी यश कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वीं के यश कुमार ने पहले ही प्रयास में जेईई (मेन) 2026 - सेशन 1 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.6 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। यश की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों ने यश का स्वागत फूलों की माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने यश को उसकी सफलता पर बधाई दी।प्रधानाचार्या ने कहा कि यश की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थी यश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।